**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 02.03.2025 समय : 1850

<><><><><><><>

- उप–राष्ट्रपति ने कहा है कि विकसित भारत अब एक सपना नहीं है बल्कि यह हमारा उद्देश्य है और देश के युवा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
- केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने आज जन–औषधि दिवस दो हजार पच्चीस के सप्ताह भर चलने वाले समारोह का उद्घाटन किया।
- केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री ने देश में आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुदृढ़ बनाने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में केंद्रीय भंडारण निगम की भूमिका को रेखांकित किया है।
- द्वीपसमूह के सौन्दर्य और विरासत के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कला और संस्कृति विभाग द्वीपसमूह से संबंधित विषयों पर लघु फिल्म और फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है।

<><><><><><><>

उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि विकसित भारत अब एक सपना नहीं है बल्कि यह हमारा उद्देश्य है और देश के युवा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे आज भारतीय विचार केंद्र द्वारा तिरूवनंतपुरम में आयोजित चौथा पी. परमेश्वरन स्मारक पर व्याख्यान दे रहे थे। श्री धनखड़ ने कहा कि देश में आज जो भी हो रहा है, उससे विश्व में हमारा गौरव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में एक मात्र ऐसा लोकतंत्र है जो ग्राम स्तर पर भी संगठित है। उप–राष्ट्रपति ने कहा कि भारत वर्तमान में विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवथा है और बहुत जल्द यह चौथी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ–साथ हमें संवाद और विचारों को ग्रहण करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

<><><><><><><>

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज निर्माण भवन से प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के बारे में जानकारी देने वाले रथ और दस अन्य वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जन औषधि दिवस, 2025 के सप्ताह भर चलने वाले समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और फार्मा–स्युटिकल्स विभाग के सचिव अमित अग्रवाल भी उपस्थित थे। ध्वजारोहण समारोह के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जगत प्रकाश नड्डा ने देश के नागरिकों से सरकार की इस महान परियोजना के बारे में व्यापक जागरूकता के लिए इन कार्यक्रमों में भाग लेने का आग्रह किया, ताकि जन–औषधि के लिए एक जन–आंदोलन बनाया जा सके। अनुप्रिया पटेल ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया और सातवें जन औषधि दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित होने वाले सात दिवसीय सप्ताह भर के कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर, इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर साल सात मार्च को "जन औषधि दिवस" के रूप में मनाया जाता है। पिछले वर्षों की तरह, एक से सात मार्च 2025 तक देश भर में विभिन्न स्थानों पर सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है।

<><><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पूरे देश से बारह अलग–अलग मामलों में उनतीस मादक पदार्थ तस्करों को अदालत ने दोषी ठहराया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री शाह ने आज कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार मादक पदार्थ तस्करों को सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। ये तस्कर युवाओं को नशे की गिरफ्त में लाकर उनका जीवन नष्ट कर देते हैं। गृहमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार नशा मुक्त भारत बनाने के लिए जाँच–पड़ताल के लिए साथ ही, नशीले पदार्थों के खतरे से लड़ना जारी रखेगी।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि एक ही नंबर के दो मतदाता फोटो पहचान पत्र–ई पी आई सी का अर्थ यह नहीं है कि पहचान पत्र फर्जी है या मतदाता बोगस है। आयोग ने एक बयान में यह बात कही। इससे पहले मीडिया की खबरों में दो अलग–अलग राज्यों में मतदाताओं के एक ही नंबर के मतदाता फोटो पहचान पत्र का मुद्दा उठा था। आयोग ने स्पष्ट किया कि कुछ मतदाताओं के ई पी आई सी नंबर एक हो सकते हैं, लेकिन जनसांख्यिकी, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र जैसा अन्य ब्यौरा अलग होता है। निर्वाचन आयोग ने

कहा कि मतदाता जिस राज्य या केंद्रशासित प्रदेश की मतदाता सूची में नामांकित है, वहा वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है। इसके अलावा मतदाता कहीं और वोट नहीं डाल सकता। आयोग के अनुसार मतदाता सूची के डेटाबेस को एरोनेट प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित करने से पहले विकेंद्रीकृत और मैनुअल व्यववस्था के कारण अलग–अलग राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कुछ मतदाताओं को एक ही संख्या वाले मतदाता फोटो पहचान पत्र आवंटित हो गए थे। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी आशंका को दूर करने के लिए पंजीकृत मतदाताओं को विशिष्ट ई पी आई सी नंबर आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। डुप्लीकेट ई पी आई सी नंबर के मामले में विशिष्टि ई पी आई सी नंबर प्रदान किया जाएगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने देश में आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुदृढ़ बनाने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में केंद्रीय भंडारण निगम की भूमिका को रेखांकित किया है। केंद्रीय भंडारण निगम के उनहत्तरवें स्थापना दिवस पर नई दिल्ली में अपने वीडियो संदेश में श्री जोशी ने कहा कि निगम ने वित्त वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के दौरान इक्कीस लाख वर्ग फुट से अधिक की अतिरिक्त खाद्य भंडारण क्षमता का सृजन कर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय भंडारण निगम की दालों, कपास और मूंगफली के भंडारण, परिचालन और ढुलाई के माध्यम से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तथा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के सफल कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के इतिहास, सौन्दर्य, संस्कृति एवं विरासत के बारे में जागरूकता पैदा करने और उसे संरक्षित करने के उद्देश्य से कला और संस्कृति विभाग अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह से संबंधित विषयों पर ऑनलाइन मोड के माध्यम से लघु फिल्म प्रतियोगिता के साथ–साथ फोटोंग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। यह प्रतियोगिता प्रतिभागियों में रचनात्मकता, कहानी कौशल, फिल्म निर्माण और फोटोग्राफी प्रदर्शित करने तथा द्वीपों के अनूठे आकर्षण को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। प्रतिभागी अण्डमान डॉट माई जी ओ वी डॉट इन पर पन्द्रह अप्रैल की मध्यरात्रि तक आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रत्येक प्रतिभागी को केवल एक प्रविष्टि जमा करने की अनुमति होगी। प्रत्येक श्रेणी में शीष तीन विजेताओं को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट को देखा जा सकता है।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंध निदेशालय द्वारा श्री विजयपुरम के जहाजरानी निदेशालय और पत्तन प्रबंधन बोर्ड में बनावटी अभ्यास का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य भूकंप और सुनामी से निपटने में विभाग की तैयारियों का आंकलन करना था। बनावटी अभ्यास में विभागों के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर प्रतिक्रिया तंत्र का परीक्षण किया। अभ्यास के दौरान सुरक्षित निकासी प्रक्रियाओ का पालन कर खोज और बचाव अभ्यान चलाए गए तथा घायल कर्मियों को प्राथमिक उपचार प्रदान करने का बनावटी अभ्यास किया गया। आपदा प्रबंधन निदेशालय द्वारा आपदा की तैयारियों में किसी भी कमी की पहचान करने और उसे दूर करने के लिए नियमित रूप से ऐसे अभ्यास आयोजित करने के महत्व पर ज़ोर दिया।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार चेस एसोसिएशन ने द्वीप समूह के शतरंज खिलाड़ी रोशन सेंथिल कुमार द्वारा हाल ही में आठ से ग्यारह फरवरी तक तमिलनाडु के त्रिची में आयोजित स्टार शतरंज फाउंडेशन प्रथम अंतरराष्ट्रीय ओपन फिडे रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट 2025 में भाग लेकर ऐरन इंटरनेशनल मास्टर का खिताब जीतने पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की है। शानदार प्रदर्शन करते हुए सेन्थिल कुमार ने पांच रेटेड खिलाड़ियों को हराकर सोलह सौ चौसठ की प्रदर्शन रेटिंग हासिल की। उनके उल्लेखनीय खेल से उन्हें टूर्नामेंट के दूसरे सर्वश्रेष्ठ अनरेटेड खिलाड़ी के रूप में मान्यता मिली, साथ ही पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र भी दिया गया।

<><><><><><><>